08/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस आज संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सहायता और एकजुटता की आवश्कयता वाले लोगों के साथ काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष आठ मई को अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आन्दोलन की विचारधारा और मानवीय कार्य के सम्मान में मनाया जाता है। हेनरी ड्यूनेंट एक अग्रणी स्वीस स्वयंसेवक थे, जिन्होंने लगभग एक सौ साठ वर्ष पहले अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आन्दोलन की शुरूआत की।

ट्रीम्स नाहरलगुन में भी आज विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने उद्घाटन द्वीप जलाया और रेड क्रॉस मूवमेंट के संस्थापक सर हेनरी ड्यूनेंट और उन सभी रेड क्रॉस स्वयंसेवकों को पुष्पांजलि अर्पित की जिन्होंने मानवता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

राज्यपाल जो भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, अरुणाचल प्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष है, ने स्वयंसेवकों से रेड क्रॉस के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने और अपनी गतिविधियों को उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं, महामारी, और आकस्मिक आपात स्थितियों के समय चुनौतियों को कम करने के लिए शिक्षा संस्थानों को शामिल करते हुए संगोष्ठियां और बातचीत का आयोजन कर लोगों को शिक्षित करने की सलाह दी।

इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस अरुणाचल प्रदेश राज्य शाखा के होनोरेरी सचिव डॉ. इमी रुमी ने पिछले कुछ वर्षों में कोविड-19, अग्नि दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदा के दौरान राज्य शाखा की गतिविधियों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की।0000000000000000

केरल सरकार ने राज्य के तीन जिलों में वेस्ट नील बुखार के मामले सामने आने के बाद सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने पुष्टि की है कि यह बुखार क्यूलेक्स मच्छरों से फैलता है। इसकी पहचान थ्रिसुर, मल्लापुरम और काझिकोड जिलों में की गई है। श्रीमती जॉर्ज ने सभी जिलों को मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करने को कहा है। उन्होंने सिरदर्द, वमन, मांसपेशियों में दर्द और खुजली जैसे लक्षण दिखने की स्थिति में लोगों से तत्काल उपचार कराने का आग्रह किया है। श्रीमती जॉर्ज ने कहा कि सिम्टोमेटिक उपचार और रोकथाम इस बुखार के फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण है।फिलहाल इस वायरस को नियंत्रित करने के लिए कोई औषधि या टीका उपलब्ध नहीं है। इस बुखार का पहली बार केरल में 2011 में पता चला था।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों तक छिटपुट गरज के साथ हल्की बारिश, बिजली गिरने और चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। ईटानगर राजधानी क्षेत्र में आसमान में आंशिक रुप से बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

अपर सुबनसिरी जिला पुलिस ने मंगलवार को ड्रग्स से संबंधित मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दापोरिजो में बी एन कॉलोनी में प्रतिबंधित पदार्थ के आदान-प्रदान की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और दोनों को पकड़ा। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से साबुन के दस डीब्बे बरामद किए गए जिनमें लगभग एक सौ बारह ग्राम की संदिग्ध हेरोइन के साथ अन्य संबंधित सामान भी थे। दापोरिजो पुलिस स्टेशन में दोनों आरोपियों के खिलाफ एन डी पी एस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

0000000000000000000000

राजधानी ईटानगर उपायुक्त सह NH-415 की नोडल अधिकारी श्वेता नागरकोटी  मेहता ने एन एच -415 (पैकेज -बी) के कार्य की धीमी प्रगति पर निराशा व्यक्त की है। जिला उपायुक्त ने सोमवार को पापुनाला से निरजुली तक की राजमार्ग की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। राजमार्ग के कार्य की धीमी प्रगति के कारण आम जनताओं को हो रही असुविधा के बारे में बोलते हुए जिला उपायुक्त ने कार्यान्वयन एजेंसी की टीम से काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन राजमार्ग की कार्य प्रगति की निगरानी के लिए पर्यवेक्षण टीमों का गठन करेगी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की लागंकुंग आदम ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात के आबू धाबी में चल रही आठवीं एशियाई जू-जित्सु चैंपियनशिप दो हजार चौबीस में रजत पदक जीता।

भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आदम ने महिला की अड़तालीस किलोग्राम से कम वर्ग में पदक जीता। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी। श्री खाण्डू ने कहा कि कुरुंग कुमे जिले के परसी- परलो की रहने वाली कुमारी अदम ने राज्य को गौरवान्वित किया है।

000000000000000000000

न्यागो एते द्वारा निर्देशित और एलिसन वेली बखा द्वारा निर्मित अरुणाचली फिल्म संगी गाई को फ्रांस में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल दो हजार चौबीस के दौरान मोर्चे डू फिल्म ( फिल्म मार्केट) में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुने जाने के लिए टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह राज्य के लिए बहुत ही गौरव का क्षण है।

000000000000000000000

थैलेसीमिया की रोकथाम और उपचार के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जा रहा है। यह रोग तब होता है जब शरीर पर्याप्त हीमोग्लोबिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है। लाल रक्त कोशिकाओं में एक प्रोटीन जो पूरे शरीर में कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाता है। इस दिन का उद्देश्य आनुवंशिक परीक्षण के महत्व पर जोर देकर और सभी के लिए न्यायसंगत और गुणवत्तापूर्ण उपचार तक पहुंच की वकालत करके थैलेसीमिया से पीड़ित लोगों का समर्थन करना है।

**0000000000000**